# जापानी कंपनी लगाएगी 250 करोड़ का प्लांट

- नोएडा में मोटर जेनरेटर निर्माण की इकाई स्थापित करेगी कंपनी
- ओसाका वर्ल्ड एक्सपो में उत्तर प्रदेश कर रहा निवेश की तलाश

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ: जापान की आटोमोटिव कंपनी डेंसो कारपोरेशन उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) में मोटर जेनरेटर निर्माण की इकाई स्थापित करेगी। इसकी स्थापना के लिए कंपनी 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस इकाई में निर्मित होने वाले मोटर जेनरेटर हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल किए जाएंगे।

बुधवार को औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने जापान के आइची प्रांत के कारिया शहर स्थित डेंसो मुख्यालय में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसके बाद डेंसो के प्रतिनिधियों ने नोएडा में निवेश की घोषणा की। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो में राज्य में निवेश लाने के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ संपर्क कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने कई जापानी कंपनियों से उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर चर्चा की। साथ ही ओसाका प्रांत की असेंबली के उपाध्यक्ष कीडा काओरु और अध्यक्ष किंजों कतसुनोरी के साथ संवाद किया। इस संवाद में इन्वेस्ट यूपी और भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारी चंद्रु अपार सहित अन्य प्रतिनिधि भी शामिल थे। वर्ल्ड एक्सपो में इन्वेस्ट यूपी का पवेलियन वैश्विक निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। पैवेलियन में उत्तर प्रदेश की अवस्थापना सुविधाओं, उद्योग अनुकूल नीतियों और तेजी से विकसित हो रहे इलेक्ट्रिक वाहन ईकोसिस्टम को प्रदर्शित किया गया है।



जापान में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो 2025 में जापान की डेंसो कार्पोरेशन के प्रतिनिधियों के साथ प्रमुख सचिव अवस्थापना और औद्योगिक विकास आलोक कुमार •इन्वेस्ट यूपी